# First Terminal Examination

Class :10 Subject: Hindi
Time : 1hour 30 minutes Max. Marks : 40
Date : 30/09/2021

* Required

1. Email *

2. Name of the student *

3. Roll Number *

4. Class *

Question 1 - निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनिए|

बहुत समय पहले की बात है एक विख्यात ऋषि गुरुकुल में बालकों को शिक्षा प्रदान किया करते थे| उनके गुरुकुल में बड़े-बड़े राजा महाराजाओं के पुत्रों से लेकर साधारण परिवारों के लड़के भी पढ़ा करते थे| वर्षों से शिक्षा प्राप्त कर रहे शिष्यों की शिक्षा आज पूर्ण हो रही थी और सभी बड़े उत्साह के साथ अपने-अपने घरों को लौटने की तैयारी कर रहे थे कि तभी ऋषिवर की तेज आवाज सभी के कानों में पड़ी। 'आप सभी मैदान में एकत्रित हो जाएँ।' आदेश सुनते ही शिष्यों ने ऐसा ही किया। ऋषिवर बोले, "प्रिय शिष्यों, आज इस गुरुकुल में आपका अंतिम दिन है। मैं चाहता हूँ कि यहाँ से प्रस्थान करने से पहले आप सभी एक दौड़ में हिस्सा लें। यह एक बाधा दौड़ होगी और इसमें आपको कहीं कूदना तो कहीं पानी में दौड़ना होगा और इसके आखिरी हिस्से में आपको एक अँधेरी सुरंग से भी गुजरना पड़ेगा, तो क्या आप सब तैयार हैं?"

'हाँ, हम तैयार हैं|' शिष्य एक स्वर में बोले। दौड़ शुरू हुई। सभी तेजी से भागने लगे। वे तमाम बाधाओं को पार करते हुए अंत में सुरंग के पास पहुँचे। वहाँ बहुत अँधेरा था और उसमे जगह-जगह नुकीले पत्थर भी पड़े थे। जिनके चुभने पर असहनीय पीड़ा का अनुभव होता था। सभी असमंजस में पड़ गए| जहाँ अभी तक दौड़ में सभी एक समान बर्ताव कर रहे थे, वहीं अब सभी अलग-अलग व्यवहार करने लगे। खैर, सभी ने जैसे-तैसे दौड़ ख़त्म की और ऋषिवर के समक्ष एकत्रित हुए। "पुत्रों ! मैं देख रहा हूँ कि कुछ लोगों ने दौड़ बहुत जल्दी पूरी कर ली और कुछ ने बहुत अधिक समय लिया, भला ऐसा क्यों?", ऋषिवर ने प्रश्न किया।

यह सुनकर एक शिष्य बोला, "गुरु जी, हम सभी लगभग साथ-साथ ही दौड़ रहे थे पर सुरंग में पहुँचते ही स्थिति बदल गयी। कोई दूसरे को धक्का देकर आगे निकलने में लगा हुआ था तो कोई सँभल-सँभलकर आगे बढ़ रहा था और कुछ तो ऐसे भी थे जो पैरों में चुभ रहे पत्थरों को उठा-उठाकर अपनी जेब में रख रहे थे ताकि बाद में आने वाले लोगों को पीड़ा न सहनी पड़े। सबने अलग-अलग समय में दौड़ पूरी की।

'ठीक है! जिन लोगों ने पत्थर उठाये हैं, वे आगे आएँ और मुझे वे पत्थर दिखाएँ", ऋषिवर ने आदेश दिया। आदेश सुनते ही कुछ शिष्य सामने आए और पत्थर निकालने लगे, पर ये क्या जिन्हें वे पत्थर समझ रहे थे दरअसल वे बहुमूल्य हीरे थे। सभी आश्चर्य में पड़ गए और ऋषिवर की तरफ देखने लगे। 'मैं जानता हूँ आप लोग इन हीरों के देखकर आश्चर्य में पड़ गए हैं।' ऋषिवर बोले। 'दरअसल इन्हें मैंने ही उस सुरंग में डाला था| यह दूसरों के विषय में सोचने वाले शिष्यों को मेरा इनाम है।

'पुत्रों! यह दौड़ जीवन की भागम-भाग को दर्शाती है, जहाँ हर कोई कुछ न कुछ पाने के लिए भाग रहा है, पर अंत में वही सबसे समृद्ध होता है जो इस भागम-भाग में भी दूसरों के बारे में सोचने और उनका भला करने से नहीं चूकता है। अतः यहाँ से जाते-जाते इस बात को गाँठ बाँध लीजिये कि आप अपने जीवन में सफलता की जो इमारत खड़ी करें उसमे परोपकार की ईंटें लगाना कभी न भूलें, अंततः वही आपकी सबसे अनमोल जमा-पूँजी होगी।"

5. 1. शिक्षा समाप्त होने के बाद ऋषि ने क्या प्रतियोगिता रखी? * 1 point

*Mark only one oval.*

- मैदान में जल्दी पहुँचने की|
- एक दौड़ में शामिल होने की|
- पंक्ति बनाकर खड़े होने की|
- शास्त्रार्थ की|

6. 2. प्रतियोगिता के आख़िरी हिस्से में क्या करना था? * 1 point

*Mark only one oval.*

- भागना था|
- शास्त्रार्थ करना था|
- गुरु जी के पास शीघ्र पहुँचना था|
- अँधेरी सुरंग में से निकलना था|

7. 3. सुरंग में क्या था? * 1 point

*Mark only one oval.*

- सुरंग में बहुत रोशनी थी|
- सुरंग में पानी भरा हुआ था|
- सुरंग में गुरुवर स्वयं उपस्थित थे|
- सुरंग में नुकीले पत्थर थे|

8. 4. सुरंग में बच्चे क्या कर रहे थे? * 1 point

*Mark only one oval.*

- कोई नुकीले पत्थरों को उठाकर जेब में रख रहा था|
- कोई तेज़ी से भाग रहा था |
- कोई थककर बैठ गया था|
- कोई सुरंग में से बाहर निकलने की सोच रहा था|

9. 5. सुरंग से बाहर आने के बाद ऋषि ने अपने शिष्यों को क्या आदेश दिया? * 1 point

*Mark only one oval.*

- जो लोग थककर बैठ गए हैं, वे आगे आएँ|
- जिनके पैरों में पत्थर चुभे हैं, वे आगे आएँ|
- जिन्होंने पत्थर उठाए हैं, वे आगे आएँ|
- जिनको कुछ समझ में नहीं आया, वे आगे आएँ|

10. 6. सुरंग में से पत्थर उठाने वालों की जेब में क्या मिला? * 1 point

*Mark only one oval.*

- पत्थर निकले|
- कुछ भी नहीं मिला|
- बहुमूल्य हीरे निकले|
- बहुमूल्य सोने के सिक्के निकले|

11. 7. ऋषि ने सुरंग में पत्थर की जगह हीरे क्यों डाले थे? * 1 point

*Mark only one oval.*

- क्योंकि उनके पास हीरे थे|
- क्योंकि वह देखना चाहते थे कि दूसरों के बारे में कौन सोचता है|
- क्योंकि वह अपने शिष्यों को खेल खिलाना चाहते थे
- क्योंकि वह हीरे की खदान थी

12. 8. यह दौड़ प्रतियोगिता करवाकर ऋषि क्या बताना चाहते थे? * 1 point

*Mark only one oval.*

- वह बताना चाहते थे कि जीवन एक खेल है|
- वह बताना चाहते थे कि वही समृद्ध होता है जो दूसरों के बारे में सोचता है
- क्योंकि वह समय बिताना चाहते थे|
- वह उनकी बुद्धिमत्ता का कौशल देखना चाहते थे|

13. 9. अंत में ऋषि ने अपने शिष्यों को क्या बात गाँठ बाँधने को कही? * 1 point

*Mark only one oval.*

- प्रतियोगिता में हमेशा भाग लेना चाहिए|
- कि जीवन एक खेल है|
- पत्थर और हीरे एक समान होते हैं|
- जीवन में सफलता की जो इमारत खड़ी करें उसमे परोपकार की ईंटें लगाना कभी न भूलें|

14. 10. इस कहानी का उचित शीर्षक क्या हो सकता है? * 1 point

*Mark only one oval.*

- गुरु भक्ति
- परोपकार
- खेल
- अनुशासन

Question 2 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर चुनिए|

15. 1. 'सेवक' शब्द का विलोम शब्द चुनिए| * 1 point

*Mark only one oval.*

- दास
- शिष्य
- स्वामी
- नौकर

16. 2. 'लक्ष्मी' शब्द का पर्यायवाची शब्द चुनिए| * 1 point

*Mark only one oval.*

- गणपति
- विनायक
- राम
- कमला

17. 3. 'निर्धन' शब्द की भाववाचक संज्ञा चुनिए| * 1 point

*Mark only one oval.*

- धनवान
- निर्धनता
- साहूकार
- धनाढ्य

18. 4. 'बिकना' शब्द का विशेषण चुनिए| * 1 point

*Mark only one oval.*

- बिकाऊ
- बिक्री
- खरीदना
- बेचना

19. 5. 'नौ दो ग्यारह होना' - मुहावरे का अर्थ चुनिए| * 1 point

*Mark only one oval.*

- एक तरह की गणना है
- बहुत प्यारा होना
- बहुत दूर हो जाना
- भाग जाना

20. 6. 'भीख' शब्द का तत्सम शब्द चुनिए| * 1 point

*Mark only one oval.*

- याचना
- भिक्षा
- माँगना
- खोना

21. 7. 'जो कम बोलता हो' - वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए| * 1 point

*Mark only one oval.*

- मृदुभाषी
- कटुभाषी
- अल्पभाषी
- बहुभाषी

22. 8. बच्चों के विद्यालय खुल गए हैं| ( सामान्य भविष्यतकाल) उचित उत्तर चुनिए| * 1 point

*Mark only one oval.*

- बच्चों के विद्यालय खुले हुए हैं|
- बच्चों के विद्यालय खुलेंगे|
- बच्चों विद्यालय में खेल रहे हैं|
- बच्चे विद्यालय में पढ़ने जाते हैं|

23. 9. सुमिता अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली सम्मलेन में नहीं जा सकी| (वाक्य का भेद चुनिए| * 1 point

*Mark only one oval.*

- संयुक्त
- मिश्र
- सरल
- स्वीकारात्मक वाक्य

24. 10. राजवीर साइकिल चला रहा है| (द्वारा का प्रयोग )- उचित उत्तर चुनिए| * 1 point

*Mark only one oval.*

- राजवीर द्वारा साइकिल चलती है|
- राजवीर द्वारा साइकिल चलाई जाती है|
- राजवीर द्वारा साइकिल चलाई जा रही है|
- राजवीर द्वारा साइकिल चलाई जा रही थी|

## Question -3 साहित्य सागर (संक्षिप्त कहानियाँ)

25. 1. यज्ञों केफल के क्रय-विक्रय से क्या तात्पर्य है? * 1 point

*Mark only one oval.*

- यज्ञ करना
- यज्ञों का लेना-देना
- यज्ञों के फल को खरीदना-बेचना
- यज्ञों के फल का लेन-देन

26. 2, यज्ञ बेचने की आवश्यकता किसे आ पड़ी थी? * 1 point

*Mark only one oval.*

- धन्ना सेठ को
- धन्ना सेठ की पत्नी को
- सेठ जी को
- कुंदनपुर के साहूकार को

27. 3, कहानी 'महायज्ञ का पुरस्कार' का क्या उद्देश्य है? * 1 point

*Mark only one oval.*

- जीव सेवा ही नारायण सेवा है|
- सच्ची मित्रता को दर्शाना|
- अंधविश्वास को बढ़ावा देना|
- यज्ञ-हवन करना

28. 4. कस्बे में नगरपालिका ने कौन सा कार्य करवाया था? * 1 point

*Mark only one oval.*

- सड़कों पर बत्तियाँ लगवाई थीं|
- घर-घर में पानी पहुँचाया था|
- कवि-सम्मेलन करवा दिया था|
- नाच-गाने का प्रबंध करवाया था|

29. 5. नेता जी की प्रतिमा किसने बनाई थी? * 1 point

*Mark only one oval.*

- मोती कुमार मूर्तिकार ने।
- ड्राइंग मास्टर मोती कुमार ने।
- ड्राइंग मास्टर मोती लाल ने।
- मोती लाल मूर्तिकार ने।

30. 6. नेता जी की मूर्ति किस वस्तु से बनी थी? * 1 point

*Mark only one oval.*

- पत्थर से
- संगमरमर से
- धातु से
- लकड़ी से

31. 7. रसीला के परिवार में कौन-कौन सदस्य थे? * 1 point

*Mark only one oval.*

- बूढ़े माता-पिता, पत्नी और बच्चे
- बूढ़ी माता, पत्नी और तीन बच्चे
- बूढ़े पिता, पत्नी और दो बच्चे
- बूढ़े पिता, पत्नी और तीन बच्चे

32. 8. शेख साहब कैसे व्यक्ति थे? * 1 point

*Mark only one oval.*

- न्यायप्रिय
- अन्यायी
- अन्यायी और भ्रष्टाचारी
- भ्रष्टाचारी

33. 9. विश्वेश्वर की डाँट का भोला पर क्या प्रभाव पड़ा? * 1 point

*Mark only one oval.*

- वह मूक हो गया
- वह मुखबिर हो गया
- वह रोने लगा
- उसने झूठ बोल दिया

34. 10. श्यामू को किसने बताया था कि काकी मामा के घर गई हैं? * 1 point

*Mark only one oval.*

- परिवार जनों ने
- पंडितों ने
- बुद्धिमान गुरुजनों ने
- मित्रों ने

## Question 4. एकांकी संचय

35. 1. "प्रत्येक राजपूत को अपनी ताकत पर नाज़ है| इतने बड़े दंभ को मेवाड़अपने प्राणों में आशय न दे, इसी में उसका कल्याण है| - प्रस्तुत कथन किसने, किससे कहा है? * 1 point

*Mark only one oval.*

- महाराणा लाखा ने अभय सिंह से|
- अभय सिंह ने महाराणा लाखा से|
- राव हेमू ने अभय सिंह से
- राव हेमू ने महाराणा लाखा से|

36. 2. 'इस दुर्ग में कोई तो हमारा पथ- .......... करने वाला होना चाहिए|' - रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए| * 1 point

*Mark only one oval.*

- प्रतिरोध
- अविरोध
- अवरोध
- विरोध

37. 3. महाराणा लाखा, राव हेमू से कहाँ हारे थे? * 1 point

*Mark only one oval.*

- नीमरा के मैदान में
- अलवर के मैदान में
- उदयपुर के मैदान में
- नीमच के मैदान में

38. 4. महाराणा लाखा के पूर्वज इनमें से कौन नहीं थे? * 1 point

*Mark only one oval.*

- वीरवर हम्मीर
- बप्पा रावल
- नरवाहन सिंह
- चारणी

39. 5. 'हाँ हम भी बेटीवाले हैं! लेकिन तुम्हारी तरह नहीं|' - प्रस्तुत कथन किसने, किससे कहा है? * 1 point

*Mark only one oval.*

- जीवनलाल ने राजेश्वरी से
- जीवनलाल ने प्रमोद से
- राजेश्वरी ने जीवनलाल से
- प्रमोद ने कमला से

40. 6. कमला के पति का क्या नाम था? * 1 point

*Mark only one oval.*

- रमेश
- राकेश
- प्रमोद
- आमोद

41. 7. जीवनलाल ने प्रमोद से मरहम के रूप में क्या माँगा था? * 1 point

*Mark only one oval.*

- सात हज़ार रुपये
- पाँच हज़ार रुपये
- दस हज़ार रुपये
- दो हज़ार रुपये

42. 8. उमा ने अविनाश की बहू को कब देखा था? * 1 point

*Mark only one oval.*

- अपने विवाह के समय
- उसके बीमार होने पर
- जब वह उससे मिलने गई थी
- जब वह उससे लड़ने गई थी|
- Other: ______________________

43. 9. उमा की दृष्टि में परिवार के टूटने में दोष किसका था? 1 point

*Mark only one oval.*

- माँ का
- बड़ी भाभी का
- अतुल का
- बड़े भैया का

44. 10. माँ ने अविनाश और उसकी पत्नी को क्यों अपना लिया था? 1 point

*Mark only one oval.*

- बेटा बीमार पड़ गया था|
- बहू बीमार पड़ गई थी|
- माँ को अतुल ने समझाया था|
- माँ के संस्कारों पर भावनाओं की विजय हुई थी
- Other: ____________

This content is neither created nor endorsed by Google.

Google Forms